विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2024/928

दिनांक :- 22.03.024

-:: अधिसूचना ::-

अवर सचिव,मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल, के पत्र क्रमांक/334/1809549/2024/38-3, भोपाल,दिनांक 11.03.2024,में दिये गये निर्देशानुसार विश्वविद्यालय समन्वय समिति की 100 वीं बैठक दिनांक 08.12.2022 में निर्णय लिया गया कि, "समस्त शासकीय विश्वविद्यालयों के समान सम्बद्धता शुल्क लागू किये जाने से जिन मदों में अत्यधिक शुल्क वृद्धि हुई है, उन मदों में किस्तों में सम्बद्धता शुल्क संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा लिया जावेगा।"

मध्यप्रदेश शासन के उक्त निर्देश के अनुपालन में विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि, जिन महाविद्यालयों की सत्र 2024-25 में सम्बद्धता/निरंतरता शुल्क जमा किये जाने की (बिना विलम्ब शुल्क से) दिनांक 28.02.2024 व्यतित होने के पश्चात भी निरंतरता राशि शेष है,उन महाविद्यालयों को निम्नानुसार किश्तों में शुल्क जमा करने की अनुमति प्रदान की जाती है :-

01. प्रथम किश्त दिनांक 28.02.2024 तक बिना विलंब शुल्क के साथ जमा किया जावे।
02. द्वितीय किश्त दिनांक 15.04.2024 तक 25% विलंब शुल्क के साथ जमा किया जावे। (शेष शुल्क पर 25% विलंब शुल्क देय होगा)
03. जिन महाविद्यालयों ने सम्बद्धता/निरंतरता शुल्क 28 फरवरी के पश्चात जमा किया है उन्हें किश्तों का लाभ नहीं दिया जावेगा।
04. विलंब शुल्क के साथ पूर्ण शुल्क जमा किये जाने की अंतिम तिथि दिनांक 15 मई 2024 यथावत रहेगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2024/929

दिनांक :- 22.03.024

प्रतिलिपि :-

01. आयुक्त, उच्च शिक्षा म.प्र. सतपुड़ा भवन, भोपाल।
02. अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा,उज्जैन संभाग,उज्जैन।
03. प्राचार्य,समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,विक्रम विश्वविद्यालय,परिक्षेत्र की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
04. प्राचार्य/संचालक समस्त अग्रणी महाविद्यालय,विक्रम विश्वविद्यालय,परिक्षेत्र की ओर प्रेषित कर सूचित है कि,वे अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को तत्काल एवं अनिवार्यतः अवगत करावे।
05. निदेशक, समस्त अशासकीय शोध केन्द्र,विक्रम विश्वविद्यालय,परिक्षेत्र।
06. प्रभारी,ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
07. श्री राहुल चन्द्रवंशी, एवं श्री राघवेन्द्र राजपुत, प्रभारी एम.पी.ऑनलाईन।
08. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन की ओर प्रेषित कर सूचित है कि,उपरोक्त अधिसूचना अविलम्ब विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
09. निदेशक,महाविद्यालयीन विकास परिषद्, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
10. अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
11. समन्वयक आई.क्यू.ए.सी.सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
12. कुलानुशासक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
13. वित्त नियंत्रक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
14. उप/सहायक कुलसचिव समस्त विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
15. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
16. सहायक संचालक स्थानीय निधी संपरीक्षा, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।

की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

उपकुलसचिव(अकादमिक)